शनिवार

29 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




हथियार की सूचना पर घर में छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला

3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# विपक्षी मोदी को जितनी गाली देंगे, कमल उतना ही खिलेगा : अमित शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में चुनावी रैली को किया संबोधित
- मल्लिकार्जुन खरगे की विवादास्पद टिप्पणी को लेकर कहा कि कांग्रेस और इसके नेताओं का दिमाग खराब हो गया है

**एजेंसी/बेंगलुरु**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस और इसके नेताओं का दिमाग खराब हो गया है। कर्नाटक में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने बृहस्पतिवार को मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी। इस पर विवाद बढ़ने के बाद खरगे ने कहा कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के लिए नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भाजपा के लिए थी। शाह ने कहा कि कांग्रेस इस तरह के बयानों से लोगों को भड़का नहीं सकती, क्योंकि प्रधानमंत्री को जितनी गालियां दी जाएंगी, लोगों के दिल में उनके प्रति उतना ही समर्थन बढ़ेगा। शाह ने कहा, कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने भारत को समृद्ध बनाने के लिए काम किया है, उन्होंने भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया है, उन्होंने भारत की सीमाओं को सुरक्षित बनाया है। मोदी जी जहां भी जाते हैं, दुनिया भर के लोग वहां 'मोदी-मोदी' के नारों के साथ उनका स्वागत करते हैं।

## मुस्लिम आरक्षण की वापसी नहीं होने देंगे

यह उल्लेख करते हुए कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं है, शाह ने राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे के तहत मुसलमानों के लिए दिए गए चार प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने और इसे प्रभावशाली वोक्कालिगा तथा लिंगायत समुदाय के बीच समान रूप से वितरित करने के कर्नाटक सरकार के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यवोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि वे चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण वापस लाएंगे, मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि वे इसके लिए किसका कोटा कम करेंगे, वोक्कालिगा या लिंगायत' या 'एससी/एसटी'? भाजपा कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण की वापसी नहीं होने देगी। यह कर्नाटक के लोगों से हमारा वादा है। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

## हर ग्राम पंचायत को एक करोड़ रुपए देंगे: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कर्नाटक के जेवरगी में बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य की बीजेपी सरकार को 40% वाली सरकार कहना चाहिए। बीजेपी सरकार 40% की चोरी करती है, लेकिन कांग्रेस की सरकार गरीबों की, छोटे व्यापारियों की और गरीबों की सरकार होगी। राहुल ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस को कम से कम 150 सीटें मिलेंगी। बीजेपी चोरी से, भ्रष्टाचार से सरकार को चोरी करने की कोशिश करेगी। उनके विधायक ने कहा कि बीजेपी में मुख्यमंत्री की पोस्ट 2500 करोड़ में बिकती है। आप बीजेपी को इस बार सिर्फ 40 सीटें ही दीजिए, क्योंकि उसे 40 नंबर बहुत पसंद है।

राहुल ने कहा कि कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लेटर लिखकर बताया कि कर्नाटक में कोई भी काम करने के लिए 40% रिश्वत देनी पड़ती है, लेकिन पीएम ने इसका जवाब नहीं दिया। कर्नाटक में अब हमारी सरकार आने वाली है। इसे कोई नहीं रोक सकता। राहुल ने कहा– बीजेपी की सरकार ने कर्नाटक में 50 हजार पदों पर बहाली नहीं की। हम इन पदों को भरेंगे और स्पेशल एजुकेशन पॉलिसी लाएंगे। इस रीजन के लिए हम 5 हजार करोड़ खर्च करेंगे। हर ग्राम पंचायत को एक करोड़ रुपए देंगे। पूर्व सांसद राहुल गांधी बारिश के बावजूद मंच पर करीब 8 मिनट तक मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक की जनता को कांग्रेस के 5 वादे याद दिलाए। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने पर हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 2000 रुपए हर महीने, कर्नाटक के हर ग्रेजुएट को 2 साल तक 3 हजार रुपए युवा निधि और डिप्लोमा होल्डर को 15 सौ रुपए दिए जाएंगे।

# जहानाबाद में अरिस्टो फॉर्मा के एमडी के काफिले पर हमला




- जहानाबाद जिले की घोसी थाना क्षेत्र की घटना
- हमले में छह से सात गाड़ियों के शीशे क्षतिग्रस्त
- हमला के कारण गाड़ी में बैठे छह से अधिक लोग घायल

**केटी न्यूज/पटना**

देश की शीर्ष दवा कंपनियों में शामिल अरिस्टो फॉर्मा के एमडी व पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. महेंद्र के भाई उमेश शर्मा ऊर्फ भोला बाबू के काफिले पर शुक्रवार को जहानाबाद में हमला किया गया है। इस हमले में गाड़ी में बैठे छह से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं, छह से सात गाड़ियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना जहानाबाद जिले की घोसी थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, दिवगंत नेता किंग महेंद्र के भाई व अरिस्टो कंपनी के एमडी भोला बाबू पर भारथु गांव के समीप कुछ लोगों ने हमला कर दिया। अचानक हुए पथराव से अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। पथराव में भोला बाबू बाल-बाल बच गए। हालांकि, काफिले में शामिल छह गाड़ियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, काफिले में शामिल एक पुलिस गाड़ी का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया और चालक समेत एक सिपाही चोटिल हो गया।

**स्कूल के समारोह में शामिल होने पहुंचे थे भोला बाबू:** बताया जा रहा है कि भारथू गांव के हाईस्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भोला बाबू को बुलाया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोला बाबू जहानाबाद से भारथू गांव के लिए निकले।भारथू पंचायत भवन के समीप पहुंचने पर गांव के ही कुछ लोग काफिले के सामने आकर काला झंडा दिखाने लगे।

**शुरू कर दिया पथराव:** समर्थकों ने उन्हें सामने से हटाने की कोशिश की तो, लोगों ने मारपीट और पथराव शुरू कर दिया। पथराव में छह गाड़ियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। हमला करने वालों को समर्थकों समेत पुलिस ने खदेड़कर भगाया। मारपीट और पथराव में विरोधी पक्ष से भी चार-पांच लोगों के चोटिल होने की सूचना है लेकिन सभी गांव से फरार हो गए हैं। वारदात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि ठेकेदारी के विवाद में काफिले पर हमला किया गया है। काफिले में शामिल 20 गाड़ियों में से सातके शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## खबरें फटाफट

### पीएम मोदी ने 91 एफएम ट्रांसमीटरों का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। इससे 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों को फायदा मिलेगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में एफएम रेडियो संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण से दो दिन पूर्व रेडियो सेवाओं का यह विस्तार किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि ऑल इंडिया रेडियो के 91 एफएम ट्रांसमिशन की ये शुरूआत देश के 85 जिलों के 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार की तरह है। कहा कि अभी कुछ दिन बाद ही मैं रेडियो पर 'मन की बात' का 100वां एपिसोड करने जा रहा हूं। 'मन की बात' का ये अनुभव, देशवासियों से इस तरह का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो से ही संभव था। मैं इसके जरिए देशवासियों के सामर्थ्य से और सामूहिक कर्तव्यशक्ति से जुड़ा रहा।

**सुनवाई:** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को दिया आदेश

# हेट स्पीच मामले में शिकायत न होने पर भी खुद से दर्ज करें केस

- जस्टिस के एम जोसफ और जस्टिस बी वी नागरत्ना की पीठ ने नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीर अपराध बताया
- पीठ ने कहा कि उसका 21 अक्टूबर, 2022 का आदेश सभी क्षेत्रों के लिए प्रभावी रहेगा
- पीठ ने चेताया कि मामला दर्ज करने में देरी को अदालत की अवमानना माना जाएगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



हेट स्पीच मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2022 के एक आदेश का दायरा तीन राज्यों से आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया, भले ही कोई शिकायत न की गई हो। जस्टिस के एम जोसफ और जस्टिस बी वी नागरत्ना की पीठ ने नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीर अपराध बताया जो देश के धार्मिक तानेबाने को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पीठ ने कहा कि उसका 21 अक्टूबर, 2022 का आदेश सभी क्षेत्रों के लिए प्रभावी रहेगा। उसने चेतावनी दी कि मामले दर्ज करने में किसी भी देरी को अदालत की अवमानना माना जाएगा।

शीर्ष अदालत ने पहले उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड को निर्देश दिया था कि घृणा फैलाने वाले भाषण देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। तब न्यायालय ने कहा था, धर्म के नाम पर हम कहां पहुंच गये हैं? पीठ ने शुक्रवार को कहा, न्यायाधीश अराजनीतिक होते हैं और पहले पक्ष या दूसरे पक्ष के बारे में नहीं सोचते और उनके दिमाग में केवल एक ही चीज है - भारत का संविधान।

शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इस बहुत गंभीर विषय पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से देरी को अदालत की अवमानना माना जाएगा। शीर्ष अदालत का यह आदेश पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की याचिका पर आया है जिन्होंने शुरू में पहले दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत के 21 अक्टूबर, 2022 के आदेश को सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में लागू करने का अनुरोध करने के लिए पुनः याचिका दाखिल की।

जस्टिस जोसेफ ने कहा- जाति, समुदाय, धर्म के बावजूद किसी को भी कानून तोड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इंग्लैंड में उनके पास शब्दों से लड़ने की अवधारणा है। क्या हम यह आदेश पारित कर सकते हैं कि यदि आप कार्रवाई नहीं करते हैं तो आपको अवमानना का सामना करना पड़ेगा? हम केवल जनता की भलाई को ध्यान में रखकर ऐसा कर रहे हैं। हम यह सार्वजनिक हित-सद्भाव के लिए कर रहे हैं। हमारा कोई अन्य हित नहीं है।

## हिन्दू ट्रस्ट फॉर जस्टिस की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

हेट स्पीच मामले में हिन्दू ट्रस्ट फॉर जस्टिस की अर्जी पर भी सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गई है। इस अर्जी पर 12 मई को सुनवाई होनी है। हिन्दू ट्रस्ट फॉर जस्टिस की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने अदालत को बताया कि उन्होंने एक अर्जी दाखिल की है। अर्जी मे आरोप लगाया गया है कि हिंदुओं को धर्मांतरित करने के लिए मुस्लिम और ईसाई मिशनरियों द्वारा भारत भर में आंदोलन चलाया जा रहा है।

**याचिका में दी गईं ये दलीलें:** याचिका के मुताबिक हिंदू आबादी कम हो रही है, जिसके कारण जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो सकते हैं, जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। ऐसे कई मामले हैं जहां 'सर तन से जुदा' के नारे मुस्लिम भीड़ द्वारा लगाए गए हैं, जिसके बाद सिर कलम भी किया गया। कई मौकों पर, मुस्लिम भीड़ ने जुलूस निकाला है जिसमें उन्हें सिर कलम करने की मांग करते हुए सुना जा सकता है। इस तरह के आह्वान के बाद सिर कलम करने की वास्तविक घटनाएं भी हुई हैं।

**वायरल वीडियो का भी जिक्र:** अर्जी में 2 फरवरी 2023 के एक वायरल वीडियो का भी जिक्र किया गया है, जिसमें पश्चिम बंगाल के हुगली के फुरफुरा शरीफ पीरजादा ताहा सिद्दीकी ने मुसलमानों से अपने बच्चों को हिंदुओं के खिलाफ युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। याचिका में आरोप लगाया है कि हिंदुओं के खिलाफ मुसलमानों द्वारा किए जा रही हेट स्पीच की घटनाएं लगातार तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।

## बागेश्वर बाबा जैसे लोगों को जेल में रहना चाहिए : जगदानंद

**पटना।** बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर बिहार में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। तेज प्रताप यादव ने कहा है कि बागेश्वर बाबा हिंदू-मुसलमान को लड़वाने के लिए आ रहे हैं तो मैं इनका विरोध करूंगा। वहीं अब आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह का बाबा बागेश्वर को लेकर कहा, बागेश्वर बाबा जैसे लोगों को जेल में रहना चाहिए। अफसोस की बात है वह बाहर हैं। जिसको मन करता है वही बाबा बन जाता है। बीजेपी ने उन्माद को बढ़ाया है। संत परंपरा को खराब किया जा रहा है।






सिविल सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम नीतीश कुमार

# जाति आधारित जनगणना को चैलेंज समझ से परे : नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को अधिवेशन भवन में सिविल सेवा दिवस 2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति बनाना सरकार का काम होता है लेकिन सरकार के द्वारा तय की गई नीतियों का क्रियान्वयन करना आपलोगों का काम होता है। बिहार के सभी क्षेत्रों में काफी काम हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम करवाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में हमलोग जाति आधारित गणना करवा रहे हैं। जनगणना कराना केंद्र सरकार का काम है। हमलोग जाति आधारित गणना करवा रहे हैं फिर भी इसे जगह-जगह पर चैलेंज किया जा रहा है। यह मेरी समझ से परे है। आखिर जाति आधारित गणना से किसी को क्या परेशानी हो सकती है। यह गणना किसी के खिलाफ नहीं है।

## बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किए गए डीएम

बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए पटना जिला के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह को प्रथम स्थान, समस्तीपुर जिला के जिलाधिकारी श्री योगेंद्र सिंह को द्वितीय स्थान तथा गोपालगंज के जिलाधिकारी डॉ० नवल किशोर यादव को तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए सुपौल जिला के जिलाधिकारी कौशल कुमार को प्रथम स्थान, जमुई जिला के जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह को द्वितीय स्थान तथा शिवहर के जिलाधिकारी राम शंकर को तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। सात निश्चय योजना के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए सीवान जिला के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता को प्रथम स्थान, बक्सर जिला के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल को द्वितीय स्थान तथा शिवहर के जिलाधिकारी राम शंकर को तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# 200 करोड़ की लागत से बनने वाली कंपनी प्रतिदिन 1.20 लाख लीटर एथेनॉल का करेगी उत्पादन

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के सामने 200 करोड़ की लागत से बनने वाली भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो प्रतिदिन एक लाख 20 हजार लीटर एथेनॉल का उत्पादन करेगी। साथ ही, दो हजार लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। कंपनी के सीएमडी अजय कुमार सिंह बिहार वासियों की जीवन दशा बदलने में जुटे हैं। जो बिहार को स्वावलंबी बनाने की चाह रखते है। नावानगर में लगी यह कंपनी 2023 के अगस्त तक एथेनॉल का उत्पादन करना शुरू कर देगी। इस कंपनी के निर्माण के लिए बियाडा से 20 एकड़ की भूमि 90 साल की लीज पर ली गई है। जहां एथेनॉल का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। साथ ही, कंपनी का कार्य 80 फीसदी पूरा कर लिया गया है। सीएमडी अजय कुमार सिंह बताते है कि खेल और शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना, लोगों को रोजगार मुहैया कराना और गरीबों की सेवा करना ही उनके जीवन का लक्ष्य है। नावानगर में इस एथेनॉल कंपनी का निर्माण पूरा होने के बाद अगस्त माह तक 2000 से 2500 बिहारियों को रोजगार दिया जायेगा, ताकि लोग रोजगार के लिए बाहर न जाए। वहीं, मोतिहारी के नए प्लांट में भी 1000 लोगों को रोजगार दिया जायेगा। इस तरह बिहारियों के लिए रोजगार सृजन करके बिहार को स्वावलंबी बिहार बनाने की चाहत पूरी की जाएगी।

**❑ बिहार को स्वावलंबी बनाने में जुटे भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी**

शिक्षा के साथ की मजदूरी भी : बताते चलें कि कंपनी के सीएमडी अजय कुमार सिंह की प्रारंभिक शिक्षा भोजपुर जिले के बखोरापुर स्थित उच्च विद्यालय से हुई थी। अजय एक किसान के बेटे हैं। उन्होंने 1989 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की और आगे की पढ़ाई की। उनके पिता झारखंड पुलिस में हवलदार के पद पर रांची में तैनात थे। जिसके कारण वो भी रांची चले गए। उन्होंने वर्ष 2000 में रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की शिक्षा ग्रहण की। इस बीच उन्होंने 50 रुपए प्रतिदिन पर मजदूरी भी की। पत्रिकारिता पूरी करने के बाद 2002 में उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया। खुद के जीवन से सीख लेकर आज उन्होंने दूसरों की मदद करने का लक्ष्य निर्धारित किया। शुरू से उन्होंने नौकरी करने की नहीं सोची। जिसकी बदौलत आज वो हाजरों लोगों को रोजगार देने में सक्षम हो गए हैं। अजय कुमार सिंह खेल और शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित करते रहते है। वहीं गावों के बच्चों और बच्चियों को उच्च शिक्षा हेतु विद्यालय खोलने की योजना। इनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे जरूरमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। चाहे वो अग्नि पिड़ित हो या किसी को अपनी बेटी की शादी के लिए रुपयों की जरूरत हो, कोई भी खाली हाथ नहीं जाता।



## 1000 से अधिक लोगों को दिया है रोजगार

आज उनके पास पांच कंपनियां हैं। जिसमें 1000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिला है। पहली इंडस्ट्रीज के रूप में सिंह इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड में 700 लोगों को रोजगार देने का काम किया है। दूसरी कंपनी के रूप में लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट में 150 लोग कार्य करते हैं। लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट ने अब तक सात फिल्में बनायी हैं। बॉलीवुड में टॉप स्टूडियो रियल टच प्राइवेट लिमिटेड पोस्ट प्रोडक्शन वर्क इनकी तीसरी कंपनी है। भोजपुर जिले के आरा में आरडीएस एग्रो प्राइवेट लिमिटेड की एजेंसी चौथी उपल्ब्धी है। जिसमें 100 लोग कार्य करते हैं। वहीं, नावानगर स्थित भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, मोतिहारी जिले में आरडीएस बायो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड एक प्लांट की योजना है।

## टैंकर सवार लोगों से लूट करने वाले गिरोह के फरार अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के सिंगही के समीप पटना-बक्सर फोरलेन पर टैंकर सवार लोगों से लूटपाट करने वाले गिरोह के दो फरार लुटेरों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से लूट में इस्तेमाल पिस्टल, बाइक और दो गोली बरामद की गयी। साथ ही, लूटा गया एक मोबाइल और एक बाइक भी बरामद की गई। गिरफ्तार अपराधियों में गीधा ओपी क्षेत्र के सोनघटा गांव निवासी दरबारी राय का बेटा बंटी और बड़हरा थाना क्षेत्र के मनी छपरा गांव निवासी कमलेश राय का बेटा सूरज शामिल हैं। दोनों को गुरुवार की रात उनके घर से ही गिरफ्तार किया गया। हालांकि, पुलिस ने लूट में शामिल दो अपराधियों को एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर जेल दिया था। जिनमें सूरज राय के पिता कमलेश राय भी थे। बाप बेटे ने मिल कर इस घटना को अंजाम दिया था। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 12-13 अप्रैल की रात फोरलेन पर नगर थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के समीप लूटपाट की गयी थी। अपाची बाइक सवार अपराधियों द्वारा एक टैंकर सवार लोगों से हथियार के बल पर पांच हजार रुपए नगद, तीन मोबाइल व सोने का एक लॉकेट लूटा गया था। तकनीकी और लोकल इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने बुधवार को भी दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनके पास से लूटा गया एक मोबाइल भी बरामद किया गया था। पूछताछ में दोनों ने लूट में शामिल अपने दो अन्य साथियों का नाम बताया।

### हत्या की योजना बनाते एक अपराधी की गिरफ्तारी के बाद खुला गिरोह का राज

# हथियार की खरीद-बिक्री करने वाले तीन अपराधी पिस्टल व गोली के साथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हथियारों की खरीद-बिक्री करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। साथ ही, पुलिस ने अपराधियों के पास से पिस्टल और गोली भी बरामद की है। हालांकि, गीते दिन हत्या की साजिश करते एक अपराधी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस गिरोह के दोनों सदस्यों तक पहुंच सकी। मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अपराधकर्मी की तलाश जारी है। ऐसे में पुलिस की सक्रियता पर लोगों का कहना है कि पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को पकड़ कर एक शख्स की जान बचा ली है। दूसरी ओर, इनके पकड़े जाने से हथियार की तस्करी का भी खुलसा हुआ है।

मामले में शुक्रवार को एसपी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की रात सूचना मिली कि सारंगपुर गांव की नट टोली में एक अपराधी किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ आया है। जिसके बाद एएससी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने घेराबंदी कर मौके से सारंगपुर गांव निवासी गौरी शाह के बेटे विकास गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। जिसकी शिनाख्त पर विद्यानंद दुबे के बेटे नीतीश कुमार दुबे और देवदीप दुबे के बेटे रोहित कुमार दुबे भी पकड़े गए। पुलिस ने विकास गुप्ता के पास से एक देसी पिस्टल, दो गोली, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है। छापेमारी टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।





**■ पुलिस ने बरामद किए एक देसी पिस्टल, दो गोली, दो मोबाइल व एक बाइक**

**विकास ने 42 हजार में खरीदा था पिस्टल :** सारंगपुर गांव निवासी विकास गुप्ता ने किसी को टपकाने की साजिश रची थी। उसके खातिर उसने गांव के नीतीश कुमार दुबे और रोहित कुमार दुबे से 42 हजार में पिस्टल खरीदी थी। उसकी निशानदेही पर नीतीश दुबे और रोहित दुबे को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने हथियार खरीद बिक्री का धंधा करने और विकास को हथियार बेचने की बात स्वीकार की है। साथ ही दोनों द्वारा यह भी बताया गया कि उसने किस्से हथियार लिया था। एसपी की ओर से तीनों से पूछताछ करने के बाद यह जानकारी दी गयी। एसपी के अनुसार विकास गुप्ता द्वारा नीतीश और रोहित से 42 हजार में पिस्टल खरीदने की बात स्वीकार की। पूछताछ में नीतीश और रोहित द्वारा भी इस बात को स्वीकार किया गया। दोनों द्वारा पूछताछ में मौलाबाग निवासी रोहित यादव से पिस्टल खरीदने की बात कही गयी है। रोहित की तलाश की जा रही है। जिसकी गिरफ्तारी को टीम छापेमारी कर रही है।

## 109 पुड़िया हेरोइन के साथ दो तस्कर धराए

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज के समीप पुलिस ने गुरुवार की रात हेरोइन के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। हेरोइन की खरीद-बिक्री करने के दौरान ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 109 पुड़िया हेरोइन भी बरामद की गयी। गिरफ्तार धंधेबाजों में नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी सुदामा पासवान का बेटा संदीप पासवान व पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के काजीचक निवासी रंजीत यादव का बेटा रवि कुमार है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब छह बजे सूचना मिली कि नगर थाने के गौसगंज में दो लोग हेरोइन की खरीद-बिक्री कर रहा है। उसके बाद सूचना के सत्यापन और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में नगर थाना इंचार्ज संजीव कुमार व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने छापेमारी कर दोनों धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने हेरोइन खरीद-बिक्री की बात भी स्वीकार की। इस संबंध में दोनों के खिलाफ नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस सिंडिकेट के सरगना तक पहुंचने में जुटी है। पुलिस की इस कार्रवाई से हेरोइन के धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

## एक नजर

### परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई: जिला जज

**जहानाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. राकेश कुमार सिंह, प्रभारी जिला पदाधिकारी सह डीडीसी परितोष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में ग्राम प्लेक्स भवन में माननीय पटना उच्च न्यायालय के सहायक भर्ती परीक्षा 2023 के प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि 30 अप्रैल को जहानाबाद जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर 12:00 बजे मध्यान से 2:00 अपराह्न तक एक पाली में पटना उच्च न्यायालय के सहायक भर्ती परीक्षा, 2023 की प्रारंभिक परीक्षा ली जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना को रोकने हेतु स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्ति स्कॉट मजिस्ट्रेट 30 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जहानाबाद के समक्ष उपस्थित होंगे। प्रतिनियुक्त स्कॉट मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी सिविल कोर्ट स्थित स्ट्रांग रूम से परीक्षा सामग्रियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाने के बाद परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक हो जाएंगे। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे। सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि परिसर व परीक्षा हॉल में मोबाइल, ब्लूटूथ, पेजर, वाईफाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री व व्हाइटनर, ब्लेड, इरेजर आदि सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने पर उसे कदाचार मानते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त परीक्षा हेतु तीन पेट्रोलिंग सह जोनल दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पेट्रोलिंग सह जोनल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीन परीक्षा केंद्रों में रहकर स्वच्छ, कदाचाररहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का संचालन कराएंगे। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि परीक्षा परिसर के बाहर 100 मीटर क्षेत्र में भीड़ या असामाजिक तत्वों का जमाव नहीं होने पाए, इस पर विशेष सतर्कता रखेंगे। इसके अतिरिक्त सीआरपीसी धारा 144 का अनुपालन करने एवं अच्छे से फ्रीस्किंग करने तथा लगातार माइकिंग कराने का निर्देश दिया गया।



### कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 13

**जहानाबाद।** जिले में लगातार कोरोना के संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट होग गया है। वहीं, लोगों की उदासीनता स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। लोग बिना मास्क व सोशल डिस्टेंस का पालन करते नजर आ रहे हैं। गुरुवार को आरटीपीसीआर जांच में एक साथ छह पॉजिटिव मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग सख्ते में आ गया। आरटीपीसीआर में जहानाबाद सदर से एक, सिकरिया से एक, घोसी और मखदुमपुर से दो-दो सैंपल पॉजिटिव पाए गए। जिससे पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 13 हो गई। पूर्व में एंटीजन किट से पॉजिटिव आने के कारण इसे हलके में लिया जा रहा था। लेकिन, आरटीपीसीआर जांच में पॉजिटिव आने के बाद चिंता बढ़ गई है। हालांकि कोरोना संक्रमण का दर काफी कम है। प्रतिदिन करीब एक हजार से अधिक लोगों की जांच हो रही जिसमें एक मरीज मिल संक्रमित मिल रहे हैं। जिले में कोरोना संक्रमण की दर 0.05 फीसदी है। लेकिन लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण बढ़ने के बावजूद लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। अधिकांश लोग न तो मास्क लगा रहे हैं और ना हीं सोशल डिस्टेंस का पालन करते हैं। सार्वजनिक स्थल पर लोग बगैर मास्क के दिखाई देते हैं। हालांकि सरकार द्वारा गाए गाइडलाइन जारी किया गया है, लेकिन लोग इसका पाल करते नहीं दिख रहे हैं। इस संबंध में एपीडिमियोलॉजिस्ट आलोक कुमार ने बताया कि अप्रैल माह से अब तक 13 मरीज मिले हैं। शहरी क्षेत्र से आरटीपीसीआर जांच में एक व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ओपीडी में आने वाले संभावित मरीजों की जांच की जा रही है।

### जमीन पर मड़ई बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों के छह लोग जख्मी

**आरा।** जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत जगवालिया गांव में शुक्रवार की दोपहर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों मे एक पक्ष के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवालिया गांव निवासी गणेश्वर चौधरी, उनकी पत्नी रीना देवी व पुत्र रिंकू पटेल शामिल हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी रघुवंश यादव व उनके दो पुत्र नंद किशोर यादव एवं निरंजन कुमार शामिल हैं। इधर एक पक्ष के गणेश्वर चौधरी ने बताया कि गांव में ही उनकी 6 डिसमिल जमीन है। इसको लेकर रघुवंश यादव से विवाद चला रहा है। इस संबंध में एसडीओ, सीओ एवं थाने को भी लिखित शिकायत दी गई है। इसके बावजूद रघुवंश यादव द्वारा उसी जमीन पर मड़ई बनाने के लिए सामान गिराया था। उसी जमीन पर मड़ई लगा रहा था। उन्होंने उसका विरोध किया। उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद रघुवंश यादव ने अपने बेटों के साथ मिलकर तीनों लोगों की पिटाई कर दी। जिससे तीनों जख्मी हो गए। वहीं दूसरी ओर जख्मी गणेश्वर चौधरी ने रघुवंश यादव पर खुद को धारदार हथियार से मार कर जख्मी करने का आरोप लगाया है।



## पुलिस ने जब्त की प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली, ग्रामीणों ने लूटे आधे

**भभुआ।** जिले में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को दुर्गावती थाना की पुलिस ने जब्त किया है। कोलकाता से दिल्ली जा रही ट्रक में मछली को जब्त किया गया है। शुक्रवार को पुलिस की कार्रवाई देखकर ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जाता है कि इस फिश को खाने से कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। दुर्गावती थाना की पुलिस ने इसकी सूचना जिला मत्स्य पदाधिकारी को दी। उनकी सूचना पर मत्स्य विभाग की टीम पहुंची और जब्त मछली को जमीन दोज के नाम पर नदी के तट पर ही गिरा दिया गया। मछली गिरते ही मछली लूटने के लिए ग्रामीणों में होड़ मच गई।

मत्स्य विभाग की मानें तो थाई मांगुर मछली को खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है। इसे पूरे भारत में बैन कर दिया गया है। लेकिन सोचने वाली बात है कि कोलकाता से दिल्ली कैसे जा रहा था और जब पकड़ा भी गया तो उसे जमीन दोज करने के नाम पर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों बरती गई। खलासी ने बताया कि कोलकाता से मछली लोड कर दिल्ली की तरफ जा रहे थे। गाड़ी पकड़ी गई है। इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अभय रंजन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाई मांगुर मछली जो पूरे देश में प्रतिबंधित है, एक ट्रक जब्त की गई है।

## हाथीपांव मरीजों को भी मिलेगा दिव्यांगता सर्टिफिकेट

**केटी न्यूज/गया**

फाइलेरिया से पीड़ित व्यक्ति को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन्हें भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। इस रोग के कारण हाथीपांव हो जाता है। इससे चलने फिरने में काफी परेशानी होती है। हाथीपांव के कारण व्यक्ति् एक प्रकार की विकलांगता का शिकार हो जाता है। उनकी इस विकलांगता का ध्यान रखते हुए रोग गंभीरता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगता सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। यह जानकारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एमई हक ने अपने कार्यालय में दी।

उन्होंने बताया जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। विश्व में विकलांगता का दूसरा बड़ा कारण फाइलेरिया है।



फाइलेरिया के कारण व्यक्ति के पैर में सूजन हो जाता है। इसे आमबोलचाल की भाषा में हाथीपांव कहते हैं। जिला में कई मरीज हाथीपांव से जूझ रहे हैं। उनके जीवन को आसान बनाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसके लिए मरीज दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चालीस प्रतिशत से अधिक अपंगता मिलने पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। दिव्यांगता का प्रतिशत फाइलेरिया की गंभीरता यानि स्टेज व शारीरिक क्रियाकलापों में असुविधा को देख कर दिया जाता है।

**कई योजनाओं का ले सकते हैं मरीज लाभ:** हाथीपांव के मरीज दिव्यांगता प्रमाणपत्र की मदद से राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगनों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इनमें रेलवे यात्रा के दौरान मिलने वाली छूट, विकलांगता पेंशन तथा अन्य प्रकार के लाभ मौजूद हैं। राज्य आयुक्त निःशक्ता द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि हाथीपांव से ग्रसित मरीज को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया जाये। हाथीपांव की गंभीरता के आधार पर इसकी श्रेणी तय कर दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्राप्त निर्गत करने में मरीजों की हरसंभव मदद की जाए। इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी के कार्यालय में मिलकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के तहत 21 मरीजों को लिया गया गोद

# सारण में सबसे अधिक टीबी मरीजों को डॉ अंजू सिंह ने लिया गोद

**केटी न्यूज/छपरा**

टीबी की बीमारी एक वक्त खतरनाक मानी जाती थी। अब इसका इलाज आसानी से हो रहा है। खास बात यह है कि सरकारी अस?पतालों में इस बीमारी का इलाज पूरी तरह मुफ्त में होता और दवा भी फ्री में ही दी जाती है। देश में टीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसको लेकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत टीबी के मरीजों को गोद लेने के लिए अपील की जा रही है। छपरा शहर के साधनापुरी निवासी डॉ अंजू सिंह ने जिले में सबसे अधिक मरीजों को गोद लेने का रिकॉर्ड बनाया है। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति संस्था के द्वारा 21 मरीजों को गोद लिया गया है।

डॉ. अंजू सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वह पिछले कई वर्षों से टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित कर रही और सरकार को सहयोग कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में 300 से अधिक मरीजों को गोद लेकर उनका उपचार तथा खानपान की व्यवस्था को सुनिश्चित कर रही हैं। डॉ अंजू सिंह जब छपरा आई तो उन्हें पता चला कि सारण जिले में निक्षय मित्र के तहत अब तक किसी ने भी टीबी के मरीज को गोद नहीं लिया है। इस पर पहल करते हुए उन्होंने सबसे पहले टीबी के मरीजों को गोद लेने की शुरूआत की। 8 जनवरी से अब तक 21 टीबी के मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण तथा दवा व इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही हैं। गोद लिए गए टीबी के मरीजों को प्रत्येक माह फूड बास्केट का वितरण किया जाता है।





**झुग्गी- झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को करती हैं जागरूक:** ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति संस्था की सचिव डॉ अंजू सिंह ने बताया कि सारण जिले में यक्ष्मा को लेकर लोगों में जागरूकता का अभाव है। समाज में जागरूकता की आवश्यकता है। जागरूकता के उद्देश्य से समय-समय पर झुग्गी झोपड़ी और दलित बस्तियों में लोगों को जागरूक करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाता है। ताकि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया गया है। इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में निक्षय मित्र योजना से टीबी के खिलाफ जनभागीदारी सुनिश्चित करके अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि एक हजार रुपये तक की राशि के फूड बास्केट में टीबी मरीजों के लिए आटा, दाल, खाद्य तेल, चना, बादाम, अंडा, सोयाबीन आदि शामिल किया गया है। इन टीबी मरीजों को यह फूड बास्केट अगले छह माह तक दिये जायेंगे।

**भारत को टीबी मुक्त करने में बड़ा योगदान :** डॉ अंजू सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पताल में टीबी की जांच से लेकर इलाज और दवा सब मुफ्त मिलती है। दो हफ्ते से अधिक खांसी, लगातार बुखार होना और वजन गिरना टीबी रोग के लक्षण हैं। ऐसे लक्षण होने से तत्काल जांच करा लें। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में या शहरी क्षेत्रों में भी लापरवाही की वजह से टीबी के मरीज बीच में ही अपना इलाज छोड़ देते हैं। टीबी के वायरस कई प्रकार के होते हैं, ऐसे में इनके इलाज और दवा की भी अवधि अलग होती है। व्यक्ति के खानपान का विशेष ध्यान रखना होता है, जिससे उसके अंदर संक्रमण से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े।इलाज पूरा न होने और दवा सही समय पर न खाने से मरीज के अंदर का टीबी बैक्टीरिया खत्म नहीं होता और दूसरे भी संपर्क में आकर संक्रमित हो सकते हैं। ऐसे में सरकार की गोद लेने की यह पहल भारत को टीबी मुक्त करने में बड़ा योगदान देगी।

केशव टाइम्स
बक्सर, 29 अप्रैल 2023



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 20 हजार रुपए

**सिमरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आशा पड़री निवासी एक बैंक उपभोक्ता के खाते से साइबर अपराधियों ने 20 हजार रूपए उड़ा लिए। पीड़ित राधा कुमार यादव ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसके पंजाब नेशनल बैंक सिमरी के खाता से 24 अप्रैल की शाम दो बार 10-10 हजार रूपए कटने का मैसेज आया। अगले दिन वह बैंक पहुंच इसकी जानकारी लिया तो पता चला कि उसके खाता से 20 हजार रूपए कटे है। लेकिन डिटेल्स के लिए कस्टमर केयर से बात करने को कहा गया। जब मैने कस्टमर केयर को फोन लगाया तो मुझे एनी डेस्क ऐप डाउनलोड करने को कहा गया। इस ऐप को डाउनलोड करते ही खाता से पैसा कट गया। पीड़ित ने पुलिस को आवेदन दे अपने रूपए वापस कराने की मांग की है। बता दें कि इसके पहले बक्सर कोर्ट के एक कर्मी से भी कस्टमर केयर के नाम पर ठगी हो चुकी है। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क किनारे खड़ी बाइक की चोरी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला रोड के सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को उचक्कों ने चोरी कर ली है। चोरी गई बाइक हीरो कंपनी की पैसन प्रो, जिसका नंबर बीआर 44 बी 9725 बताया जाता है। इस मामले में पीड़ित कोरानसराय थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव निवासी वीरेंद्र पासवान के पुत्र चंदन पासवान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर बाइक चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह गांव से बाइक पर सवार होकर कोरानसराय बाजार में सामानों की खरीदारी करने आया था। मठिला रोड में एक दुकान के आगे बाइक को खड़ा कर सामानों की खरीदारी करने लगा। जब वापस लौटा तो उस जगह से बाइक गायब थी।

# बक्सर जिले में निक्षय मित्र योजना को गति देने की तैयारी, मरीजों को मिलेगा लाभ

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत जिले में निक्षय मित्र योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से टीबी के इलाजरत मरीजों को पोषण की पोटली या पौष्टिक फूड बास्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि, इलाज के दौरान टीबी मरीजों के कुपोषण को दूर किया जा सके। इस क्रम में जिले में भी टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। लेकिन, अब इस अभियान को गति देने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर जिले में निक्षय मित्र योजना की प्रगति तलब की है। जिसमें उन्होंने बताया है कि व्यक्तियों व संस्थाओं द्वारा निक्षय मित्र के रूप में निबंधित कराया गया है, लेकिन टीबी से प्रभावित सभी मरीजों तक वांछित सहायता पहुंचाने के लिए अधिक संख्या में निक्षय मित्रों की आवश्यकता है। जिसे समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है।




- जिले के इलाजरत टीबी मरीजों के आधार पर निक्षय मित्रों की भी बढ़ाई जाएगी संख्या
- बोले सीडीओ - विशेष रणनीति तैयार कर टीबी उन्मूलन की दिशा में किया जायेगा कार्य

### 2024 के अंत तक निर्धारित किया गया है लक्ष्य

पत्र में राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत सभी जिलों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बिहार के राज्यपाल द्वारा नियमित अंतराल पर की जा रही है। राज्यपाल द्वारा बिहार में वर्ष 2024 के अंत तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के अतिरिक्त गैर सरकारी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संगठनों का सहयोग आवश्यक है।

### निक्षय मित्र के रूप में अब आठ लोगों का रजिस्ट्रेशन

जानकारी के अनुसार जिले में निक्षय मित्र के रूप में अब तक आठ लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिन्होंने अपने द्वारा 16 मरीजों को गोद लिया है। साथ ही, उन टीबी मरीजों को हर माह पोषण की पोटली उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं, वर्ष 2023 में जिले में 793 मरीजों की पुष्टि की गई है। जिनमें सरकारी स्तर पर 482 और निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा 311 मरीजों का पोर्टल रजिस्ट्रेशन किया गया है। साथ ही, जिले में अब तक 1493 टीबी मरीज इलाजरत हैं। जिनके लिए निक्षय मित्रों का रजिस्ट्रेशन होना है।

### जिले को टीबी मुक्त बनाने का हर संभव प्रयास होगा

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा, सरकार के लक्ष्य के अनुसार ही जिले को निर्धारित समय पर टीबी मुक्त किया जायेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ सहयोगी सस्थान से जुड़कर विशेष रणनीति बनाई जाएगी। टीबी उन्मूलन की निगरानी के लिए विशेष टीम बनेगी। वहीं, सामर्थ्यवान लोगों को जिले के टीबी मरीजों को गोद लेते हुए उनको पोषण की पोटली उपलब्ध करने के लिए जागरूक किया जायेगा। ताकि, टीबी के इलाजरत मरीजों के पोषण की समस्या को दूर किया जा सके।

## केसठ पुराना बाजार का मामला, हमले में एसआई समेत पांच पुलिसकर्मी जखमी

# हथियार की सूचना पर घर में छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला

- तीन घंटे की मशक्कत के बाद तस्कर को गिरफ्तार कर सकी पुलिस, तीन कारतूस बरामद
- 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज
- पुलिस टीम पर हमला करने वाले की पहचान में जुटी पुलिस







**केटी न्यूज/नावानगर/केसठ**

बुधवार की रात केसठ पुराना बाजार स्थित एक घर में भारी मात्रा में हथियार होने की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक एसआई समेत पांच पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। हालांकि भारी विरोध व पथराव के बीच पुलिस टीम ने हिम्मत व सूझबूझ से काम लिया और करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तीन जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। वही इस मामले में 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस हमला करने वाले ग्रामीणों की पहचान तथा उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। इधर पुलिस की प्रतिक्रिया की आशंका से मोहल्लेवाले घर छोड़ फरार हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात नावानगर थानाध्यक्ष को चौकीदार के माध्यम से सूचना मिली थी कि केसठ पुराना बाजार निवासी राकेश कुमार उर्फ कृष्ण कुमार के घर हथियारों का बड़ा जखीरा आया है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारियों को सूचना देते हुए रात में ही छापेमारी की योजना बनाई तथा पुलिस बल के साथ चिन्हित हथियार तस्कर के घर पहुंचे।

पुलिस टीम रात 11 बजे महिला बल के साथ उसके घर पर दस्तक दी। लेकिन घर वाले पुलिस टीम का विरोध करने लगे और घर में नहीं घुसने दे रहे थे। पुलिस टीम ने हल्का बल प्रयोग करना चाहा। इस दौरान मोहल्लेवाले उग्र हो गए तथा पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। रात के अंधेरे में अचानक हुए हमले में पुलिस टीम घिर गई थी।

### जख्मी एसआई व जवानों को भेजा गया सीएचसी

पथराव में नावानगर थाने में तैनात एसआई अमन कुमार, सिपाही मनीष ठाकुर, दुर्योधन बैठा, चालक अमर कुमार तथा स्थानीय चौकीदार मनोज कुमार जख्मी हो गए। तत्काल जख्मी एसआई व जवानों को इलाज के लिए नावानगर सीएचसी भेजा गया। रात में ही वरीय अधिकारियों को पुलिस टीम पर हमले की सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हथियार तस्कर राकेश कुमार उर्फ कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर थाने लाई। उसके पॉकेट से तीन कारतूस मिले, जिनमें थ्री नट थ्री, पिस्टल तथा 12 बोर के एक-एक कारतूस थे। हालांकि परिजनों के विरोध के बाद पुलिस टीम हथियार बरामद करने में सफल नहीं हो सकी।

### पूर्व में हथियार के साथ पकड़ा जा चुका है आरोपी

पुलिस की मानें तो राकेश लंबे समय से हथियार की तस्करी तथा सप्लाई में संलिप्त था। पूर्व में भी नावानगर थाने की पुलिस उसे हथियार के साथ गिरफ्तार की थी। उसा बार भी गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसके घर छापेमारी किया था। जिसमें हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल से आने के बाद वह फिर से असलहों की तस्करी में जुट गया था। ग्रामीणों ने भी इसकी पुष्टि करते हुए उसके चरित्र को संदिग्ध बताया। ग्रामीणों की मानें तो वह लंबे समय से हथियारों की खरीद फरोख्त कर रहा था।

### पुख्ता सूचना पर छापेमारी करने गई थी पुलिस

पुलिस सूत्रों की मानें तो उसके घर हथियारों के जखीरा आने की पुख्ता सूचना मिली थी। इस सूचना पर ही पुलिस टीम उसके घर छापेमारी करने गई थी। सूचना देने वालें ने बताया था कि शाम में उसके घर हथियारों का स्टॉक आया था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है जिस वक्त परिजन पुलिस टीम से उलझे थे उस समय इस जखीरे को घर से बाहर कही हटा दिया गया होगा।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष :** नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस टीम उसके घर छापेमारी करने गई थी। उस दौरान उसके घर वाले तथा आस पास के घरों के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक एसआई समेत पांच पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं।

## एक नजर

### सड़क हादसे में कामगार की मौत के बाद परिवार के सामने खड़ी हुई रोजी रोटी की समस्या



**डुमरांव।** गुरूवार की शाम टेढ़की पुल के पास टेम्पो पलटने से खलवाईनार के देवनाथ यादव की मौत हो गई थी। वह डुमरांव के एक चाट दुकान पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत के बाद एक झटके में परिवार के समक्ष भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है। मृतक के तीन बेटे व एक बेटी है। हालांकि वह बेटी की शादी कर चुका था। लेकिन बच्चें अभी छोटे है। ग्रामीणों की मानें तो बड़ा लड़का अभी मात्र 10 वर्ष का है। यही कारण है कि उसकी मौत के बाद से पत्नी पानवती देवी बदहवास हो गई है। उसे रह रहकर एक ही चिंता खाए जा रही है कि अब बच्चों की परवरिश कैसे होगी। इस चिंता में वह रह रहकर बेहोश हो जा रही है। हालांकि गांव की महिलाएं तथा नाते रिश्तेदार उसे संभालने का प्रयास कर रहे है। लेकिन किसी के पास ऐसा मरहम नहीं जो उसके जख्मों को भर पाए। टेम्पो पलटने से उसके जीवन में हमेशा के लिए अंधेरा छा गया है। स्थानीय निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव ने बताया कि वह काफी मेहनतकश व मिलनसार प्रवृति का था। मजदूरी कर अपने परिवार की गाड़ी खींच रहा था। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उसके परिवार के समक्ष दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बता दें कि गुरूवार को डुमरांव से काम समाप्त कर गांव लौटने के दौरान टेढ़की पुल के पास टेम्पो पलटने से देवनाथ यादव की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद शुक्रवार को परिजनों ने भरे मन से शव का अंतिम संस्कार किए। वही दूसरे दिन भी पीड़ित के घर से पूरे दिन सिसिकियां निकलते रही। रह रहकर पत्नी तथा बच्चों के चित्कार से माहौल गमगीन हो रहा था।

### अनुमंडल लोक शिकायत के निर्देश पर पुलिस ने नहर चाट को कराया अतिक्रमणमुक्त



**डुमरांव।** अनुमंडल लोक शिकायत निवारण के निर्देश पर कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बनकट गांव में नहर चाट की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया है। मिली जानकारी के अनुसार कोरानसराय निवासी अशोक त्रिपाठी ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण में बनकट के बहादूर पासवान पर नहर चाट की जमीन का अतिक्रमण करने का आरोप लगा परिवाद दर्ज कराया था। लोक शिकायत निवारण के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धार -2 के तहत उक्त नहर चाट को अतिक्रमणमुक्त कराया है। अतिक्रमण हटाने के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। इस दौरान जेसीबी के सहारे अवैध निर्माण को हटा चाट की जमीन को अतिक्रमणमुक्त किया गया। कोरान सराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया अनुमंडल लोक शिकायत निवारण के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

### पंचायत समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए योजनाओं का हुआ चयन

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की विशेष बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह ने की। इस दौरान आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए योजनाओं का चयन किया गया। इसके तहत सभी पंचायत समिति के सदस्यों ने लिखित योजना दी। पंचायत समिति के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय का निर्माण एवं देखभाल ,गलियों का पक्कीकरण एवं नाली निर्माण, पईन आहर का निर्माण,छठ घाट का निर्माण समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। प्रखंड प्रखंड प्रमुख ने बताया कि चयनित योजना को वित्तीय वर्ष के अंत तक हर हाल में पूरा कर लेना है।मौके पर उप प्रमुख अमरेंद्र कुमार ,पंचायत समिति सदस्य असलम हुसैन, मंजू देवी,छोटेलाल पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### हरी टोला में कर्मियों ने चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों को डस्टबीन के उपयोग की दी जानकारी

**केसठ।** सरकार स्वच्छता को ले विभिन्न प्रकार के अभियान चला रही है। इसी कड़ी में हरी टोला गांव में स्वच्छता कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। नेतृत्व पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया। मौके पर उपस्थित स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय प्रसाद ने लोगो को स्वच्छ सुंदर गांव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को डस्टबिन का प्रयोग और कचरे का पहचान को बताया। वही उन्होंने बताया की हरे डस्टबिन में गीला तथा नीले डस्टबिन में सुखा कचड़ा एकत्रित कर उसे कूड़ा का उठाव करने आने वाले स्वच्छता कर्मियों को देना है।

# दहेज में दो लाख नहीं देने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला

**केटी न्यूज/नावानगर**

महिलाओं के साथ दहेज न लाने पर अन्याय की खबरें आए दिन आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला सोनवर्षा ओपी में आया है। यहां की एक बेटी को उसके ससुराल वालों ने दहेज में दो लाख रुपए की मांग पूरी नहीं करने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता चांदनी कुमारी ने सोनवर्षा ओपी को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी 2023 में उसकी शादी रोहतास जिला अंतर्गत कोचस थाना के शांति पथ वार्ड 11 निवासी संतोष ठाकुर के साथ हुई थी। शादी के समय पीड़िता के पिता ने यथाशक्ति उपहार दिया था। शादी के बाद एक सप्ताह तक सब कुछ सामान्य था। पर एक सप्ताह के बाद ससुराल वाले दुकान खोलने के लिए दो लाख रुपए की मांग करने लगे।

मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ ससुराल वाले मारपीट व अनेक तरह की यातनाएं देने लगे। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि मांग पूरी नहीं होने पर 17 अप्रैल को ससुराल वालों ने उसके जेवर छीन कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह किसी तरह अपने मायके सोनवर्षा पहुंची। उसने बताया कि सामाजिक स्तर पर भी ससुराल वालों के साथ समझौता की गई, पर दहेज की मांग पूरी होने पर ही विवाहिता को अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़े रहे। पीड़ित विवाहिता ने बताया कि पति के साथ ससुर बृज बिहारी ठाकुर, देवर दीपक ठाकुर जेठ प्रमोद उर्फ पप्पू ठाकुर ननंद रीना देवी लक्ष्मी देवी गुड़िया देवी प्रियंका देवी एवं उसके जेठानी द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर सभी ने मिलकर उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया।

# उपलब्धि... मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना में बक्सर को मिला राज्य में दूसरा स्थान

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बक्सर जिला को राज्य में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों यह सम्मान प्राप्त किया।

डीएम अंशुल अग्रवाल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी टीम के समर्पण एवं कठिन परिश्रम को दिया और उम्मीद व्यक्त की कि हम पूरी टीम एक साथ मिलकर सभी आयामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। डीएम ने कहा कि यह पुरस्कार सभी कर्मियों, पदाधिकारियों और जिलेवासियों को समर्पित है।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बक्सर समेत 91 एफएम ट्रांसमिशन स्टेशनों का किया वर्चुअल उद्घाटन

# एफएम कनेक्टिविटी से मुख्यधारा में जुड़ेंगे सुदूर क्षेत्र के लोग: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एफएम रेडियो ट्रांसमिशन का वर्चुअल उदघाटन किया। बक्सर में हुए इस वर्चुअल उदघाटन के दौरान केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार सहित अन्य जिलों में एफएम रेडियो की सौगात दी है। सुदूर क्षेत्रों के लोग भी अब इस एफएम कनेक्टिविटी के कारण मुख्यधार से जुड़ सकेंगे। नवीनतम जानकारियां मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने बक्सर के साथ अन्य जिलों सहित 18 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 91 एफएम ट्रांसमिशन स्टेशनों का ई-उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिलाएं सहित विभिन्न क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है। रेडियो सूचना का एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस माध्यम को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया है। मन की बात कार्यक्रम इसका एक बेजोड़ उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उक्त कार्यक्रम के जरिए संस्कृति, लोक परंपराओं, भाषा, लोगों की कहानियां और त्योहार जो पहले मुख्यधारा में शामिल नहीं थे, उनसे अवगत कराने के लिए प्रभावी ढंग से इस मंच का उपयोग किया है। उन्होंने उन लोगों और उन क्षेत्रों को शामिल किया जो भारत गाथा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



### भाजपा की बैठक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा

**डुमरांव।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी बक्सर जिला के वरिष्ठ कार्यकताओं की एक बैठक डुमरांव के निजी सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नेता चौधरी राम विनोद राय ने व संचालन नवानगर मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह ने किया। उक्त बैठक में आगामी 30 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 100 वे मन की बात को सफल बनाने एवं संगठन में बड़े नेताओं अनावश्यक हस्तक्षेप पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद भगत, केदारनाथ तिवारी, माधुरी कुंवर, राजाराम पांडे, मदनजी दुबे, बलराम पांडे, पुनीत सिंह, विनोद राय आदि ने अपने विचार रखे। मौके पर मजीद आलम, अशोक लाल, मृत्युंजय सिंह, धनंजय कुमार निर्गुण, लक्ष्मण शर्मा, उमाकांत पांडे, संजय शाह, परमेश्वर तिवारी, इंदल सिंह, मुना सिंह, रमेश गुप्ता, सुनील ओझा, दयाशंकर तिवारी, अजय राय, विनय कुमार उपाध्याय, अशोक तिवारी, विकास कुमार मिश्र समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# गो आश्रय स्थल का सुंदरीकरण करने वाले कलाकारों का डीएम ने बढ़ाया उत्साह

**केटी न्यूज/बलिया**

❑ जिलाधिकारी ने किया अस्थाई गो आश्रय स्थल का निरीक्षण

भूसा दान महादान योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने विकासखंड गड़वार स्थित अस्थाई गो आश्रय स्थल शाहपुर झंगहि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गो पशुओं को दी जाने वाली खुराक और पानी की व्यवस्था देखी। वहां की व्यवस्था देखकर जिला अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव को शाबासी दी और उनके कार्यों की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त जिला अधिकारी ने गोवंश पशुओ को अपने हाथों से गुड़ और चना खिलाया।

जिलाधिकारी अस्थाई गो आश्रय स्थल झंगहि की दीवारों पर पेंटिंग करने वाले कलाकार ब्रह्मा और सुनील से मिले। उन्होंने उनके कार्यों की प्रशंसा की और मुख्य विकास अधिकारी से इन कलाकारों द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत बनने वाले भवनों पर भी चित्रकारी कराने का निर्देश दिया। शाहपुर गांव के प्रधानों ने 151 कुंतल का भूसा दान इस गो आश्रय स्थल को दिया। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा,



जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्रा, खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव और ग्राम के प्रधान उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने दुधारू पशुओं से दूध निकाल लेने के बाद उन्हें आवारा छोड़ने वाले पशु मालिकों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी ऐसा करता हुआ पाया जाए उन पर कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही गांव में जो भी आवारा पशु है, उन्हें नजदीकी गोआश्रय स्थलों पर संरक्षण दिया जाए।

**जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण :** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रतसड़ का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड, मेडिसिन स्टोर रूम, शौचालय और कक्षों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने वहां पर कर्मचारियों की उपस्थिति पुस्तिका और मरीजों को दी जाने वाली दवाई रजिस्टर की भी जांच की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी राकिफ अख्तर ने जिलाधिकारी को बताया कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर तरह की सुविधा उपलब्ध है साथ ही ऑक्सीजन के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया और प्रभारी चिकित्सक को उनके कार्य के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के आवास और बिजली, पानी के विषय में भी जानकारी ली। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने पीटीओ को लगाई फटकार



**बलिया।** लोक निर्माण विभाग बलिया की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने संवेदनशील स्थानों पर ब्लैक स्पॉट के संबंध में जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी द्वारा चिंहित ब्लैक स्पॉट स्थानों की आख्या उपलब्ध ना कराए जाने पर जिलाधिकारी ने फटकार लगाई। इस संबंध में उन्होंने जानकारी मांगी कि कितने ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गए है और कितने पर कार्य हुआ है। प्रवर्तन कार्य के संबंध में भी जानकारी ली।पीटीओ से पूछा कि कितने ओवर लोडिंग वाहनों का चालान किया गया। सही जानकारी नहीं देने पर पीटीओ को फटकार लगाई। स्वास्थ्य विभाग के एसके गुप्ता से अवैध नर्सिंग होमो की कार्यवाही पर जानकारी ली। एम्बुलेंस की भी जानकारी ली।एस के गुप्ता ने बताया कि इनके पास चार एम्बुलेंस है परंतु एम्बुलेंस में उपकरणों की कमी है। जिलाधिकारी ने उन्हें निर्देश दिया कि सीएमओ से मिलकर इस कमी को पूरा किया जाए। शिक्षा विभाग से इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज में विद्यालय सड़क सुरक्षा समिति की जानकारी और कि विद्यालयों के वाहनों के फिटनेस के संबंध में जवाब मांगा। निर्देश दिया कि कोई भी विद्यालय वाहन बिना फिटनेस के नही चलाया जाएगा। साथ ही वाहन के चालको की भी समय समय पर जांच की जाए। पार्किंग स्थल चिन्हित न होने पर ईओ नगरपालिका को एक हफ्ते के अंदर आख्या देने का निर्देश दिया। ई-रिक्शा वाहनों के रोड़ निर्धारण का निर्देश दिया। बैठक में एआरटीओ अरुण कुमार राय, डीआईओएस, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के लोग शामिल थे।

### ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य की संयुक्त मासिक बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा सहित अन्य विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने भाग लिया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता एवं इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने दीप प्रज्वलित कर किया। संयुक्त बैठक में शासन ने चलाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने उन्हें आश्वासन दिया कि शासन की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न तरह के विकास कार्यों को जल्द पूरा कराए जाने का आश्वासन प्रधानों व सदस्यों को दिया गया। वहीं इस संयुक्त बैठके में क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा प्रधानों ने अपने क्षेत्र में हो रहे आयुष्मान कार्ड के बनाए जाने में? हीलाहवाली को लेकर सवाल उठाए। यही नहीं सदस्यों ने अपने क्षेत्र में सफाई कर्मियों की कमी एवं सफाई कराने को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई और कहा कि आए दिन सफाई के नाम पर केवल कोरम पूरा किया जाता है। सफाई कर्मी उनके क्षेत्र में नहीं आते हैं। ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र के कई सड़कों एवं नाली खड़ंजा के निर्माण व राशन वितरण आदि को लेकर अपना -अपना प्रस्ताव खंड विकास अधिकारी के समक्ष रखा। इसे लेकर खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों के आए हुए सुझाव को अतिशीघ्र पूरा कराया जाएगा। बैठक में मनरेगा, पीएम, सीएम आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन के बारे में सभी को जानकारी दी। कहा कि अपने क्षेत्र में विशेष रूप से इस पर ध्यान देने की जरूरत है।



### निकाय चुनाव में अध्यक्ष एवं सदस्य पद से 111 उम्मीदवारों ने अपना नाम लिया वापस

**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए शुक्रवार को नामांकन वापसी के दिन अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु कुल 111 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। इस प्रकार अब अध्यक्ष पद हेतु 118 एवं सदस्य पद हेतु कुल 1080 वैध उम्मीदवार मैदान में है। अध्यक्ष पद हेतु नगर पालिका परिषद में 3, कोपागंज में 1, अदरी में 0 कुर्थी जाफरपुर में 5, घोसी में 5,अमिला में 6,दोहरीघाट में दो मोहम्दाबाद गोहना में एक वलीदपुर में तीन चिरैयाकोट में 1 तथा मधुबन में एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार अध्यक्ष पद हेतु वैध उम्मीदवारों की संख्या नगर पालिका परिषद में 8, कोपागंज में 14,अदरी में आठ, कुर्थी जाफरपुर में 13,घोसी में नौ,अमिला में 15, दोहरीघाट में आठ, मुहम्दाबाद गोहाना में 6, वलीदपुर में 13, चिरैयाकोट में 12 एवं मधुबन में 12 रह गई है। इसी प्रकार सदस्य पद हेतु नगर पालिका परिषद में 34 कोपागंज में 3, अदरी में 4, कुर्थी जाफरपुर में तीन, घोसी में नौ, अमिला में 5, दोहरीघाट में तीन, मोहम्मदाबाद गोहना में 9,वलीदपुर में 0, चिरैयाकोट में 7 एवं मधुबन में 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार सदस्य पद हेतु वैध उम्मीदवारों की संख्या नगर पालिका परिषद मऊ में 268, नगर पंचायत कोपागंज में 82, अदरी में 47, कुर्थी जाफरपुर में 100, घोसी में 87, अमिला में 82, दोहरीघाट में 52, मुहम्दाबाद गोहाना में 99, वलीदपुर में 85, चिरैयाकोट में 92 एवं मधुबन में 86 रह गई है।




## उप मुख्यमंत्री ने जनता से की सभी भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने की अपील

# गाजीपुर में कमल का फूल का बटन दबा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं: बृजेश पाठक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



■ मुहम्मदाबाद नगर पालिका क्षेत्र में 'कमल' खिला कर संदीप गुप्ता को जीत दिलाने को किया प्रेरित

जनपद के मुहम्मदाबाद नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी संदीप गुप्ता उर्फ दीपू के समर्थन में शुक्रवार को चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मंत्री बृजेश पाठक भी शिरकत की। सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुहम्मदाबाद की शहीदी धरती पर भाजपा प्रत्याशी को जीता कर देश एवं प्रदेश में पार्टी को जीत दिलाने का काम करें। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है नगर पालिका चुनाव में जब जीत दर्ज करा कर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का काम करें। यदि ऐसा हुआ तो हम वादा करते हैं कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क बिजली पानी आदि विकास के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में चर्चित इस योजना से गरीबों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। भाजपा से पूर्व की सरकारों के समय में बीमार हो जाने पर गरीबों को अपने माताओं बहनों के गहने बेचने के बाद भी इलाज नहीं मिल पाता था। लेकिन आज हालात बदल गए हैं, जो प्रधानमंत्री के विजन की बदौलत संभव हुआ है।

**जल जीवन मिशन के संकल्प को पूरा कर रही है सरकार :** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्वच्छ भारत मिशन की चर्चा में कहा कि आज गांव की महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पांच करोड़ से अधिक ग्रामीणों को उत्तर प्रदेश में निः शुल्क शौचालय दिया गया है। हर घर जल मिशन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय हमारे पास है तथा अधिकांश बीमारियां दूषित जल से ही होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन के माध्यम से पहुंचाने का संकल्प पूरा कर रही है। सभी को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। उज्जवला योजना की भी चर्चा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने की। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण एवं क्षेत्र की महिलाओं को भी चूल्हे पर खाना बनाना पड़ता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी महिलाओं के लिए गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील किया कि गाजीपुर में कमल का फूल का बटन चार मई को दबाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं।

**अब सिर्फ विकास की राजनीति होने लगी :** बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मुहम्मदाबाद में पहले पैसा और पिस्तौल की राजनीति होती थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अब पैसे और पिस्तौल की राजनीति समाप्त हो चुकी है। अब सिर्फ विकास की राजनीति होने लगी है। कार्यक्रम से पूर्व नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप गुप्ता उर्फ दीपू ने फूलों का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में पूर्व मंत्री संगीता बलवंत, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व विधायक अलका राय, समाज सेविका मीरा राय, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय, ओम प्रकाश राय, पीयूष राय प्रमोद राय, आनंद राय मुन्ना राजेंद्र चौधरी रमापति राम त्रिपाठी, राम जी गिरी मनोज बिंद, आदि लोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं संचालन सुनील सिंह ने किया।

## हादसे में घायल वृद्ध की मौत, घर में मातम

**गाजीपुर।** जनपद के रेवतीपुर थाना अंतर्गत डेढ़गावां में दो दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल घुरहू सिंह कुश्वाहा (70 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मामले में सबसे शर्मनाक बात यह है कि परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गंगा किनारे मृतक का अंतिम दाह संस्कार कर दिया। जिससे परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

पति की मौत के बाद से ही पत्नी रेशमी देवी का रो- रोकर बुरा हाल है। जिसे गाँव एवं घर के लोग सांत्वना देने में लगे हुए है। ग्रामीणों के मुताबिक घटना वाले दिन घुरहू सिंह कुश्वाहा रोज की तरह घटना वाले दिन भी टहलने जा रहे थे। इसी दौरान डोहला-डेढ़गावां संपर्क मार्ग पर पीछे से आ रहे एक चार पहिया अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। वह पकड़े जाने के डर से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि इसके बाद घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी और उसे रेवतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। इस संबंध में रेवतीपुर थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

# रोडवेज बसों में लगेंगे पैनिक बटन सिग्नल मिलते ही पहुंचेगी पुलिस

**तिलक कुमार/बलिया**



अब महिलाओं को बस में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। महिला सुरक्षा की कड़ी में शासन अब रोडवेज की बसों में पैनिक बटन और वीटीएस यानी व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इससे बसों का सफर और सुरक्षित हो जाएगा। इसे लेकर सूबे में कंट्रोल रूम बनाए जाने का काम शुरू हो गया है। इसी वित्तीय वर्ष में काम पूरा किया परिवहन बसों की ट्रैकिंग के लिए पुलिस के डायल-112 की तरह एक बड़ी स्क्रीन वीडियो वाल बनाई जाएगी। इसे तकनीकी से सीधे जोड़ा जाएगा। सुरक्षा बटन के बजते ही कंट्रोल रूम की टीम सक्रिय हो जाएगी। दर्ज सूचना पर डायल -112 रेस्पांस करेगी। बसों में लगी डिवाइस स्क्रीन पर नजर आने लगेगी। वाहन कहां पर है और इसकी मानीटरिंग शुरू हो जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक शासन बसों में इस तकनीकी का इस्तेमाल कर सफर को सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इसकी मॉनीटरिंग सीधे मुख्यालय से होगी। निर्भया मद से इस प्रणाली को आगे बढ़ाया जा रहा है।

**क्या बोले एआरएम :** एआरएम उमाकांत मिश्र ने बताया कि पिंक बस, एसी बसों में पैनिक बटन आलरेडी लगा दिया गया है, धीरे-धीरे रोडवेज की सारी बसें पिंक बटन से लैस कर दिए जाएंगे। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन की यह पहल आने वाले दिनों रंग लाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से मोबाइल देख रहे युवक की मौत

**गाजीपुर।** जनपद के रामपुर माझां थाना क्षेत्र के तरांव ग्राम में बीती रात ट्रेन से कटकर सुजीत कुशवाहा (22) की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक के पिता का नाम खिचड़ू कुशवाहा था। बता दें कि मृतक घर के पास रेलवे लाइन डगरा पर कान में ईयरफोन लगाकर मोबाइल देख रहा था। इसी बीच ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।मृतक कहीं बाहर प्राइवेट नौकरी करता था। एक सप्ताह पूर्व घर आया था। छुट्टी समाप्त होने पर दो चार दिन में जाने वाला था। तीन भाइयों मे दूसरे नम्बर पर था। नौकरी करके परिवार की जीविका चलाता था। अभी शादी नहीं हुआ था। रामपुर माझां पुलिस ने लाश को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंतिम संस्कार चकेरी घाट पर किया गया। परिवार वालों का रो -रो कर बुरा हाल है।

## तेजमल राय पट्टी के पास दलित बस्ती में लगी आग, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर गांव के तेजमल राय पट्टी अंतर्गत माली बाग के समीप दलित बस्ती में गुरुवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग में चार लोगों की रिहायशी झोपड़ियां व पांच बकरियां आग की भेंट चढ़ गई। आग लगने से घर गृहस्थी का पूरा सामान सहित महत्वपूर्ण कागजात, हजारों की नगदी आदि जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास में एक व्यक्ति झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने घंटों बाद आग पर काबू पाया। अगलगी से पीड़ित परिवारों को करीब तीन लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

ग्रामीणों के मुताबिक बीते देर रात्रि को करीब बारह बजे दलित बस्ती में सभी लोग अपने झोपड़ियों में सोए थे। इसी दौरान ईश्वरचंद के झोपड़ी से अचानक धुएं एवं आग की लपटे उठने लगी,यह देख वह शोर मचाते हुए झोपड़ी से किसी तरह मय परिवार बाहर निकले। ग्रामीण मौके पर आग बुझाने पहुंचे तब तक आग ने अगल बगल की झोपड़ियों को भी अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि कोई पास जाने की जहमत नहीं उठा सका। आग का कहर कम होने पर ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों के सहारे आग पर कडे मशक्कत के करीब दो घंटे बाद दो बजे रात को काबू पाया जा सका। मगर तब तक सब जलकर राख हो चुका था। अगलगी में नंदलाल की एक- एक एवं मनकियां की दो रिहायशी झोपड़ियों समेत घर गृहस्थी का समान, कागजात, कपड़ा आदि जल गया।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई : जिलाधिकारी ने तीन अभियुक्तों की 95 लाख की संपत्ति कुर्क करने का जारी किया आदेश

# अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई रहेगी जारी: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गैंगस्टर एक्ट के तहत शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत मामलों के अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया। जिसमें जिलाधिकारी ने शबनम बानो पत्नी तनवीर आलम, निवासिनी रघुनाथपुरा थाना कोतवाली नगर, हसीना खातून पत्नी अबू रफी आजमी निवासिनी जमालपुरा थाना दक्षिण टोला एवं बैजनाथ यादव पुत्र खुदी यादव निवासी सरवा थाना सराय लखंसी की अचल संपत्तियों को कुर्क करने के निर्देश दिए। अभियुक्तों की कुल संपत्तियों का अनुमानित मूल्य लगभग 94,51,750 रुपए है।

शबनम बानो पत्नी तनवीर आलम द्वारा नगर क्षेत्र के मौजा परदहां के मोहल्ला छोटी रहजनिया में आराजी नंबर 1133 मि. में 028 कड़ी बैनामा करा कर उस पर मकान का निर्माण कराया गया था, जिनका कुल अनुमानित मूल्य लगभग 55 लाख 91 हजार 750 रुपए है। इस जमीन के क्रय एवं उस पर निर्मित मकान को अपराध द्वारा अर्जित अवैध धन के माध्यम से तैयार किया गया था।

हसीना खातून पत्नी अबू रफी आजमी द्वारा भी तहसील व परगना सदर के मौजा भट्कुआं पट्टी दयाराय में अपने नाम से भूमि का बैनामा कराया गया था, जिसका बाजार मूल्य लगभग 38 लाख 30 हजार हैं। आईएस 191 गैंग के सहयोगी बैजनाथ यादव पुत्र खुदी यादव द्वारा वाहन खरीदा गया था। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 30 हजार है, उसे भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने कुर्क करने के आदेश जारी किए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद को अपराध मुक्त बनाने हेतु जनपद में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। अपराध द्वारा अर्जित अवैध धन से निर्मित चल एवं अचल संपत्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कुर्क की कार्यवाहीय जारी रहेगी

## असलहा माफिया का घर कुर्क, आशियाने पर नोटिस चस्पाया

**मऊ।** मऊ में अवैध असलहा फैक्ट्री संचालिका के मकान को जिलाधिकारी के आदेश पर कुर्क किया गया। पूर्व में अवैध असलहा फैक्ट्री का संचालन शबनम बानो द्वारा किया जा रहा था। जिलाधिकारी को इसकी रिपोर्ट मिलते ही शबनम बानो के मकान को गैंगस्टर एक्ट 14(1) के अंतर्गत कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया गया। उक्त मकान की कीमत लगभग 56 लाख रुपये बताई जा रही है। जिलाधिकारी अरुण कुमार के आदेश पर क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा व उप जिलाधिकारी सदर आनंद कनौजिया द्वारा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त मकान को 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया। इस दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ लग गई। मौके पर डुगडुगी बजाकर शबनम बानो के मकान को कुर्क किया गया। इसके पहले भी इनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई हो चुकी है। कार्यवाही के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने बताया कि थाना सराय लखंसी क्षेत्र अंतर्गत छोटी रहजनियां स्थित शबनम बानो के 28 कड़ी में निर्मित मकान को कुर्क किया गया है। इन्होंने अपराध से धन अर्जित कर संपत्ति का निर्माण किया था।

